


Join us on Telegram | YouTube | Websites

# महिला/बाल अपराध नोट्स डाउनलोड करे

https://rajasthanclasses.in/

## राजस्थान क्लासेज (Aadarsh Kumawat)

**हमेशा मौका मत ढूंढो क्योंकि जो आज है, वहीं सबसे अच्छा मौका है!**

## गूगल वेबसाइट लिंक

Test Time- 11:00 AM & 06:00 PM

CLICK HERE

## BSTC पूर्ण सिलेबस डाउनलोड कीजिए

CLICK HERE

## YOUTUBE क्लासेज टाइम-

9:00 AM ________ 9:00 PM

CLICK HERE

PDF BY- AADARSH KUMAWAT [RAJASTHAN CLASSES]

# BSTC/D.EL.Ed.

## भर्ती परीक्षा, 2018 (हल प्रश्न पत्र)

आयोजन
6 मई, 2018

### भाग-अ ( मानसिक योग्यता )

1. यदि 15 जनवरी, 2004 को रविवार था तो 15 जनवरी, 2003 को क्या वार होगा?
(1) सोमवार (2) शनिवार (3) शुक्रवार (4) मंगलवार (2)
**व्याख्या**- *1 जनवरी, 2004 को रविवार था तो 1 जनवरी, 2003 को शनिवार होगा क्योंकि एक सामान्य वर्ष की 1 जनवरी को जो वार होता है अगले वर्ष लीप वर्ष हो या अन्य वर्ष हो तो उसकी 1 जनवरी को 1 दिन आगे बढ़ जाता है। 1 जनवरी 2003 को शनिवार होगा तो 1 जनवरी 2004 को +1= रविवार आ जाता है।*

**निर्देश- ( प्रश्न संख्या 2-4 ):**
निम्नांकित प्रश्नों में, तीन में से चार एक जैसे हैं और इसीलिए एक समूह बनाते हैं। कौनसा है जो समूह का नहीं है?

2. (1) तोता (2) कोयल
(3) गिद्ध (4) हंस (4)

3. (1) हरियाणा (2) गुजरात
(3) केरल (4) महाराष्ट्र (1)
**व्याख्या**- *शेष तीनों राज्य समुद्र तटवर्ती राज्य हैं। हरियाणा एक Land Locked राज्य है।*

4. (1) आलू (2) धनिया (3) अदरक (4) प्याज (2)
**व्याख्या**- *प्याज, आलू एवं अदरक तीनों जमीन के अंदर उत्पादित होते हैं जबकि धनिया जमीन के ऊपर।*

**निर्देश: ( प्रश्न संख्या 5-8 )**
निम्नांकित प्रश्नों में, अंकों के विषम युग्म को चिह्नित कीजिए-

5. (1) 140-45 (2) 110-35
(3) 100-30 (4) 80-25 (3)
**व्याख्या**- *शेष तीनों में संबंध है-*
$45 \times 3 + 5 = 140$
$35 \times 3 + 5 = 110$
$25 \times 3 + 5 = 80$
*जबकि,* $30 \times 3 + 10 = 100$

6. (1) 133-98 (2) 150-115
(3) 182-140 (4) 188-153 (3)
**व्याख्या**- *शेष तीनों में संबंध*
$133 - 98 = 35$, $150 - 115 = 35$
*एवं* $188 - 153 = 35$
*जबकि* $182 - 140 = 42$

7. (1) 12:96 (2) 13:117
(3) 15:120 (4) 16:128 (2)
**व्याख्या**- *शेष तीनों में निम्न संबंध है-*
$12 \times 8 = 96$, $15 \times 8 = 120$, $16 \times 8 = 128$
*जबकि* $13 \times 9 = 117$

8. (1) 15-46 (2) 12-37
(3) 9-28 (4) 8-33 (4)
**व्याख्या**- *शेष तीनों का संबंध*
$15 \times 3 + 1 = 46$, $12 \times 3 + 1 = 37$
$9 \times 3 + 1 = 28$
*जबकि* $8 \times 3 + 9 = 33$

9. महाविद्यालय का विद्यार्थी से वो ही संबंध है जो अस्पताल का ---- से है?
(1) डॉक्टर (2) नर्स
(3) इलाज (4) रोगी (4)
**व्याख्या**- *जिस प्रकार महाविद्यालय में विद्यार्थी अध्ययन करने आते हैं उसी प्रकार अस्पताल में रोगी उपचार कराने।*

10. सिगनल : ट्रैफिक :: ? : ?
(1) बाँध : नदी (2) लेंस : प्रकाश
(3) दरवाजा : मकान (4) ऑपरेशन : डॉक्टर (1)
**व्याख्या**- *जिस प्रकार सिगनल ट्रेफिक को आगे बढ़ाने या रोकने का कार्य करता है उसी प्रकार नदी के बहाव को रोकने या आगे बढ़ाने का कार्य बांध करता है।*

11. M × N : 13 × 14 : : F × R : ?
(1) 7 × 19 (2) 5 × 17
(3) 14 × 15 (4) 5 × 18 (*)
**व्याख्या**- *जिस प्रकार M एवं N का अँग्रेजी वर्णमाला में क्रमांक 13 एवं 14 है उसी प्रकार F एवं R का क्रमांक 6 एवं 18 है। प्रश्न में दिये गये चारों विकल्प गलत हैं। सही विकल्प 6×18 है।*

12. BUCKET : ACTVNDJLDFSU : BONUS : ?
(1) ACMNMOTVRT (2) SUNOB
(3) ACNPMOTVRT (4) ACMNMOTURT (3)
**व्याख्या**-

| अक्षर | कोड |
|---|---|
| B | A C |
| U | T V |
| C | B D |
| K | J L |
| E | D F |
| T | S U |

*अत:*

| अक्षर | | कोड |
|---|---|---|
| B | = | A C |
| O | = | N P |
| N | = | M O |
| U | = | T V |
| S | = | R T |

*अत: Bonus का कोड = ACNPMOTVRT*



Download More Pdf;- https://rajasthanclasses.in/

PDF BY- AADARSH KUMAWAT

13. यदि किसी भाषा में A का कूट 1 है, B का कूट 2 है और आगे भी ऐसे ही है, तो BIDDIC का कूट क्या होगा?

(1) 294493 (2) 284563
(3) 375582 (4) 394492 (1)

**व्याख्या-** *प्रश्नानुसार, B का कूट = 2, I = 9*
*D का = 4, I = 9, C = 3*
*अतः BIDDIC = 294493*

14. यदि A, B के दक्षिण में है और C, B के पूर्व में है तो A, C के संबंध में किस दिशा में है?

(1) उत्तर-पूर्व (2) उत्तर-पश्चिम
(3) दक्षिण-पूर्व (4) दक्षिण-पश्चिम (4)

**व्याख्या-**




*अतः A, C के संबंध में दक्षिण-पश्चिम में है।*

15. एक शाम को सूर्यास्त से पहले दो दोस्त राकेश और रहीम आमने-सामने एक दूसरे से बात कर रहे थे। यदि रहीम की परछाई एकदम उसके दाहीने ओर थी तो राकेश किस दिशा के सामने था?

(1) उत्तर (2) दक्षिण
(3) पश्चिम (4) सूचना अपर्याप्त (2)

**व्याख्या-** *सायं सूर्य पश्चिम में होता है अतः व्यक्ति की परछाई पूर्व की ओर पड़ेगी। रहीम की परछाई दाहिने ओर है अतः पूर्व दिशा व्यक्ति के दाहिने ओर तभी होगी जबकि उसका मुँह उत्तर दिशा में होगा। अतः रहीम उत्तर की ओर देख रहा था तथा राकेश उसके सामने है। अतः राकेश दक्षिण दिशा की ओर देख रहा है।*




16. 5, 7, 10, 15, 22, ............

(1) 31 (2) 32 (3) 34 (4) 35 (1)

**व्याख्या-**
5 7 10 15 22 [31]
+2 +3 +5 +7 +9
+1 +2 +2 +2

17. 703, 655, 607, 559, 511, 463, ...........

(1) 413 (2) 414 (3) 415 (4) 416 (3)

**व्याख्या-**
703 655 607 559 511 463 [415]
-48 -48 -48 -48 -48 -48

18. एक पिता, वर्तमान में, अपने पुत्र से तीन गुणा बड़े हैं। पाँच वर्ष पूर्व वे अपने पुत्र से चार गुणा बड़े थे। पुत्र की आयु क्या है?

(1) 12 वर्ष (2) 15 वर्ष
(3) 18 वर्ष (4) 20 वर्ष (2)

**व्याख्या-** *माना पुत्र की वर्तमान आयु x वर्ष तो*
*पिता की 3x*
*5 वर्ष पूर्व पिता की आयु = (x – 5) × 4*
*अतः (x – 5) × 4 = (3x – 5)*
$4x - 20 = 3x - 5$
$x = -5 + 20 = 15$
*पुत्र की वर्तमान आयु = 15 वर्ष*

19. यदि 5 × 9 = 144; 7 × 8 = 151; 4 × 6 = 102 हो, तो 2 × 5 = ?

(1) 77 (2) 97 (3) 107 (4) 73 (4)

**व्याख्या-** 5 × 9 = 144 = 5 + 9 = 14, 9 – 5 = 4
7 × 8 = 151 = 7 + 8 = 15, 8 – 7 = 1
4 × 6 = 102 = 4 + 6 = 10, 6 – 4 = 2
*इसी प्रकार,* 2 × 5 = 73 = 2 + 5 = 7, 5 – 2 = 3

**निर्देश- (प्रश्न संख्या 20-23):**




ऊपर दी गई आकृति में तीन अन्तर्विभाजक वृत्त हैं, जो प्रत्येक विद्यार्थियों के समूहों को इंगित करता है जो टेनिस, बैडमिन्टन या वॉलीबॉल खेलते हैं। आकृति में दिए गए प्रत्येक क्षेत्र को एक छोटा अक्षर बताता है। आकृति के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

20. कौनसा अक्षर विद्यार्थियों के उस समूह को दर्शाता है जो तीनों खेल खेलते हैं?

(1) b (2) c (3) f (4) g (2)

**व्याख्या-** *'C' अक्षर वाला क्षेत्र तीनों वृत्तों में है अतः इस क्षेत्र में तीनों खेल खेलने वाले विद्यार्थी हैं।*

21. कौनसा अक्षर विद्यार्थियों के उस समूह को दर्शाता है जो टेनिस और वॉलीबॉल खेलते हैं पर बैडमिण्टन नहीं?

(1) g (2) e (3) c (4) b (4)

22. कौनसा अक्षर विद्यार्थियों के उस समूह को दर्शाता है जो टेनिस खेलते हैं पर ना तो बैडमिण्टन और ना ही वॉलीबॉल?

(1) a (2) b (3) c (4) d (1)

23. कौनसा अक्षर विद्यार्थियों के उस समूह को दर्शाता है जो टेनिस और बैडमिण्टन खेलते हैं पर वॉलीबॉल नहीं?

(1) b (2) c (3) d (4) f (3)

**निर्देश: (प्रश्न संख्या 24-26):**

एक विद्यालय में पाँच शिक्षक थे। A और B हिन्दी और अंग्रेजी पढ़ा रहे थे। C और B अंग्रेजी और भूगोल पढ़ा रहे थे। D और A गणित और हिन्दी पढ़ा रहे थे। E और B इतिहास और फ्रेंच पढ़ा रहे थे।

**व्याख्या-**

| *शिक्षक* | *विषय* |
|---|---|
| *A* | *हिन्दी, अंग्रेजी, गणित* |
| *B* | *हिंदी, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, फ्रेंच* |
| *C* | *भूगोल, अंग्रेजी* |
| *D* | *हिन्दी, गणित* |
| *E* | *इतिहास, फ्रेंच* |



Download More Pdf;- https://rajasthanclasses.in/

24. शिक्षकों में से अधिकतम विषय कौन पढ़ा रहे थे?

(1) A (2) B (3) C (4) D (2)

**व्याख्या**- *'B' हिंदी, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास व फ्रेंच पढ़ा रहा है।*

25. निम्न में से कौनसे शिक्षक समूह भूगोल और हिन्दी दोनों पढ़ा रहे थे?

(1) A और B (2) B और C
(3) C और A (4) उक्त कोई नहीं (4)

**व्याख्या**- *भूगोल एवं हिंदी विषय केवल 'B' पढ़ा रहा है।*

26. दो से अधिक शिक्षक कौनसा विषय पढ़ा रहे थे?

(1) इतिहास (2) हिन्दी (3) फ्रेंच (4) भूगोल (2)

**व्याख्या**- *हिंदी विषय के A, B एवं D पढ़ा रहे हैं। अंग्रेजी को भी 2 से अधिक शिक्षक (A, B एवं C) पढ़ा रहे हैं।*

**निर्देश: ( प्रश्न संख्या 27-28 ):**

दिए गए शब्दों को एक अर्थपूर्ण क्रम में जमाइये और दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त क्रम को चिह्नित कीजिए-

27. (i) परिशिष्ट (ii) अनुक्रमणिका (iii) शीर्षक
(iv) अध्याय (v) परिचय

(1) iii, ii, v, i, iv (2) ii, iv, iii, v, i
(3) v, i, iv, ii, iii (4) iii, ii, v, iv, i (4)

**व्याख्या**- *सही क्रम होगा- शीर्षक → अनुक्रमणिका → परिचय → अध्याय → परिशिष्ट*

28. (i) सजा (ii) कैद (iii) गिरफ्तार
(iv) अपराध (v) निर्णय

(1) v, i, ii, iii, iv (2) iv, iii, v, ii, i
(3) iv, iii, v, i, ii (4) ii, iii, i, iv, v (3)

**व्याख्या**-*सही क्रम- अपराध→ गिरफ्तार→ निर्णय → सजा → कैद*

29. एक दिन में कितनी बार, घड़ी के दो हाथ $90^0$ पर होते हैं?

(1) 4 (2) 12 (3) 22 (4) 44 (4)

**व्याख्या**-*घड़ी की दोनों सूइयों के मध्य हर घंटे में दो बार समकोण ($90^0$) बनते हैं परन्तु 12 घंटे में कुल 22 समकोण ही बनते हैं क्योंकि 8 से 10 बजे के बीच तथा 2-4 से बीच केवल 3-3 समकोण ही बनते हैं। 22 घंटे में 22 अतः एक दिन (24 घंटे) में 22×2=44 समकोण बनेंगे।*

**निर्देश: ( प्रश्न संख्या-30-33 )-**

नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में, कथन 1 और 2 के बाद निष्कर्ष 1 और 2 है। निष्कर्षों को पढ़िए और निर्णय लीजिए कि कौनसे निष्कर्ष दिए गए दो कथनों के आधार पर तर्कसंगत है।

(1) यदि केवल निष्कर्ष 1 सही है।
(2) यदि केवल निष्कर्ष 2 सही है।
(3) यदि निष्कर्ष 1 या 2 सही है।
(4) यदि निष्कर्ष 1 या 2 दोनों गलत है।

30. **कथन:** 1. सभी पंखें, घड़ियाँ हैं।
2. कुछ घड़ियाँ काली हैं।
**निष्कर्ष:** 1. सभी घड़ियाँ पंखे हैं।
2. कुछ पंखे काले हैं। (4)

31. **कथन:** 1. सभी घास वृक्ष है।
2. कोई वृक्ष झाड़ी नहीं है।
**निष्कर्ष:** 1. कोई घास झाड़ी नहीं है।
2. कुछ झाड़ियाँ घास हैं। (1)

32. **कथन:** 1. कुछ लड़के चोर हैं।
2. कुछ लड़के विद्यार्थी हैं।
**निष्कर्ष:** 1. कुछ चोर लड़के हैं।
2. सभी चोर लड़के हैं। (1)

33. **कथन:** 1. कोई भी आदमी गधा नहीं है।
2. राहुल आदमी है।
**निष्कर्ष:** 1. राहुल गधा नहीं है।
2. सभी आदमी राहुल नहीं है। (1)

**निर्देश: ( प्रश्न संख्या 34 से 36 )**

नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में प्रत्येक आकृति में विभिन्न अंकों का समूह है। यह कल्पना कीजिए कि प्रत्येक समूह किसी निश्चित पैटर्न से चल रहा है उसी को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक प्रश्न का छूटा हुआ अंक ज्ञात कीजिए-

34. 


(1) 0 (2) 8
(3) 125 (4) 216 (4)

**व्याख्या**- $(5-4)^3 = 1^3 = 1, (7-3)^3 = 4^3 = 64$

$(11-8)^3 = 3^3 = 27$ *अतः* $(8-2)^3 = 6^3 = 216$

35. 


(1) 14 (2) 22
(3) 32 (4) 320 (3)

**व्याख्या**- $5\times4 = \frac{20\times6}{10} = 12$

$6\times5 = \frac{30\times7}{10} = 21$

*अतः* $4\times10 = \frac{40\times8}{10} = 32$

36. 


(1) 123 (2) 124 (3) 122 (4) 112 (3)

**व्याख्या**- *विभिन्न अंक निम्न प्रकार आते हैं-*

$2 \times 2 + 2 - 1 = 4 + 1 = 5$
$5 \times 2 + 5 - 1 = 10 + 4 = 14$
$14 \times 2 + 14 - 1 = 28 + 13 = 41$
*अतः* $41 \times 2 + 41 - 1 = 82 + 40 = 122$

37. पाँच विभिन्न मकान A से E किसी एक पंक्ति में हैं। A, B के दायें है और E, C के बायें तथा A के दायें है। B, D के दायें हैं। कौनसा मकान मध्य में है?

(1) A (2) B (3) C (4) D (1)

**व्याख्या**- L←——→R
D→B→[A]→E→C

*मध्य में A है।*



Download More Pdf;- https://rajasthanclasses.in/

# इन्हें भी अवश्य पढ़ें ?

- विषयवार ई- बुक यहाँ से देखे
- Youtube पर ऑनलाइन क्लासे देखे
- लेटेस्ट पोस्ट (GK क्विज)
- 1000 प्रश्न ई-बुक Download
- राजस्थान GK ई- बुक डाउनलोड
- Computer E- book Download
- Rajasthan Gk Questions
- India Gk Questions
- One Liner Gk Questions

PDF BY- AADARSH KUMAWAT

Download More Pdf;- https://rajasthanclasses.in/

PDF BY- AADARSH KUMAWAT

38. किसी परीक्षा में राज ने मुकेश से ज्यादा अंक प्राप्त किये लेकिन उतने नहीं जितने प्रिया ने, प्रिया ने गौरव और कविता से ज्यादा अंक प्राप्त किये। गौरव ने मुकेश से कम अंक प्राप्त किये लेकिन उसके अंक समूह में सबसे कम नहीं है। अंकों की दृष्टि से घटते क्रम में जमाने पर कौन दूसरे स्थान पर आएगा?

(1) प्रिया (2) कविता (3) राज (4) मुकेश (3)

**व्याख्या-** *प्रिया > राज > मुकेश*

*प्रिया > गौरव, कविता*

*मुकेश > गौरव*

*प्रिया > राज > मुकेश > गौरव > कविता*

*दूसरे स्थान पर राज होगा।*

39. एक आदमी के चित्र की ओर देखते हुए हर्ष ने कहा- "उसकी माता मेरे पिताजी के पुत्र की पत्नि है। मेरे कोई भाई या बहिन नहीं है।" हर्ष किसके चित्र की ओर देख रहा था?

(1) उसके पुत्र के (2) उसके चचेरे भाई की
(3) उसके चाचा की (4) उसके भतीजे की (1)

**व्याख्या-**




*चूंकि राज के कोई भाई बहन नहीं है। अतः उसके पिताजी का पुत्र वह स्वयं है तथा उसकी पत्नी का पुत्र उसका स्वयं का पुत्र हुआ। अतः चित्र उसके पुत्र का है।*

40. किसी वस्तु को 110 रु. में बेचने पर 12% की हानि होती है। उस वस्तु पर 8% का लाभ लेने के लिए उसे कितने रुपये में बेचा जाए?

(1) 120 रु. (2) 125 रु. (3) 135 रु. (4) 140 रु. (3)

**व्याख्या-** *माना वस्तु का क्रय मूल्य = 100 रु.*

*तो 12% हानि पर विक्रय मूल्य = 88*

*8% लाभ पर बेचने पर वि.मू. = 108 रु.*

*12% हानि पर वास्तविक वि.मू. = 110 रु.*

*अतः 8% लाभ पर वास्तविक वि. मू.=*

$$\frac{108}{88}\times110=135 \text{ रु.}$$

41. किसी वस्तु का मूल्य 25% घट जाता है। इस नये मूल्य में कितने प्रतिशत की वृद्धि की जाए कि मूल मूल्य प्राप्त हो जाए?

(1) 12% (2) $33\frac{1}{3}$% (3) 25% (4) 30% (2)

**व्याख्या-** *माना मूल मूल्य = 100 रु.*

*25% घटने पर मूल्य = 100–25 = 75*

*मूल मूल्य (100 रु.) प्राप्त करने हेतु 75 में वृद्धि = 25 रु.*

*अतः % वृद्धि* $=\frac{25}{75}\times100=33\frac{1}{3}\%$

42. यदि EAT को 22 26 7 लिखा जाए तो LIP को कैसे लिखा जाएगा?

(1) 15 14 16 (2) 14 17 10
(3) 9 12 11 (4) 15 18 11 (4)

**व्याख्या-**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G |
| 26 | 25 | 24 | 23 | 22 | 21 | 20 |
| H | I | J | K | L | M | N |
| 19 | 18 | 17 | 16 | 15 | 14 | 13 |
| O | P | Q | R | S | T | U |
| 12 | 11 | 10 | 9 | 8 | 7 | 6 |
| V | W | X | Y | Z | | |
| 5 | 4 | 3 | 2 | 1 | | |

EAT का कोड- *E = 22, A = 26 एवं T = 7*

*अतः 22 26 7*

*अतः LIP का कोड- L = 15, I = 18, P = 11*

*अतः 15 18 11*

43. मोहन की आयु श्याम से चार गुना है। यदि दोनों की आयु का अन्तर 9 वर्ष हो तो मोहन कितने वर्ष का है?

(1) 15 वर्ष (2) 12 वर्ष (3) 14 वर्ष (4) 9 वर्ष (2)

**व्याख्या-** *माना श्याम की आयु x वर्ष*

*तो मोहन की आयु = 4x वर्ष*

*प्रश्नानुसार, 4x – x = 9 वर्ष*

*⇒ 3x = 9 वर्ष*

*x = 3 वर्ष*

*अतः मोहन की आयु 4 × 3 = 12 वर्ष*

**निर्देश: (प्रश्न संख्या 44-48):**

नीचे दिये गये प्रश्नों में चिह्न (::) के बायें तरफ दोनों पद के मध्य तर्क को पहचानिये वही तर्क प्रत्येक प्रश्न के चिह्न (::) के दायें तरफ वाले दोनों पदों पर लागू कर प्रत्येक प्रश्न के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-

44. ACE : ZXV :: FHJ : _____

(1) SOQ (2) USP (3) TRS (4) USQ (4)

**व्याख्या-** A →(+2) C →(+2) E Z →(–2) X →(–2) V

*अतः* F →(+2) H →(+2) J U →(–2) S →(–2) Q

45. BYW : DWU :: FUS : _____

(1) HSQ (2) EST (3) GST (4) ESQ (1)

**व्याख्या-** B Y W : D W U (B +2 → D, Y –2 → W, W –2 → U)

*अतः* F U S : H S Q (F +2 → H, U –2 → S, S –2 → Q)

46. MORE : NNSD :: CRAW : _____

(1) DQAV (2) DAPQ (3) DQBV (4) GQAL (3)

**व्याख्या-** M O R E N N S D (M +1 → N, O –1 → N, R +1 → S, E –1 → D)

*अतः* C R A W D Q B V (C +1 → D, R –1 → Q, A +1 → B, W –1 → V)





Download More Pdf;- https://rajasthanclasses.in/

PDF BY- AADARSH KUMAWAT

47. MONKEY : XDJMNL :: TIGER : _____

(1) QDFHS (2) SDFHS

(3) SHFDQ (4) UJHFS (1)

व्याख्या-




अतः




48. CIGARETTE : GICERAEIT :: DIRECTION : ___

(1) RIDTCENOI (2) NORTECDII

(3) NOIETCRID (4) IRDCTIONE (1)

व्याख्या-

1 2 3 4 5 6 7 8 9    3 2 1 6 5 4 9 8 7

C I G A R E T T E    G I C E R A E T T

अतः

1 2 3 4 5 6 7 8 9    3 2 1 6 5 4 9 8 7

D i R E C T I O N    R I D T C E N O I

49. यदि हवा को हरा, हरा को नीला, नीला को आकाश, आकाश को पीला, पीला को पानी, पानी को गुलाबी कहा जाए तो खुले/साफ आकाश का रंग क्या होगा?

(1) नीला (2) आकाश (3) पीला (4) पानी (2)

व्याख्या- Air – Green → blue

blue – sky → yellow

yellow – water → pink

*sky का रंग blue होता है तथा blue को sky कहते हैं। अतः साफ आकाश का रंग होगा sky*

50. किसी निश्चित कोड में '786' को 'स्टडी वेरी हार्ड' '958' को 'हार्ड वर्क पेज' और '645' को 'स्टडी एण्ड वर्क' कहा जाए तो 'वेरी' के लिए क्या कोड होगा?

(1) 8 (2) 6 (3) 7 (4) 4 (3)

व्याख्या-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 8 6 | study | very | hard |
| 9 5 8 | hard | work | pays |
| 6 4 5 | study | and | work |

*अतः Very का code होगा- 7*

## भाग-ब (राजस्थान सामान्य ज्ञान)

51. लूनी नदी का उदगम स्थान निम्न जिले में है-

(1) नागौर (2) अजमेर (3) टोंक (4) चूरू (2)

52. प्रसिद्ध चाँद बावड़ी स्थित है, निम्न जिले में-

(1) कोटा (2) भरतपुर (3) अलवर (4) दौसा (4)

53. राजस्थान में किस शहर को 'नीला शहर' कहा जाता है?

(1) उदयपुर (2) अजमेर (3) जोधपुर (4) बीकानेर (1)

54. गार्डन बड़ा बाग स्थित है-

(1) जैसलमेर (2) भीलवाड़ा (3) झालावाड़ (4) हनुमानगढ़ (1)

55. विजय सिंह पथिक, राजस्थान के स्वतंत्रता सैनानी, उन्होंने एक समाचार पत्र निकाला, जो इस नाम से जाना जाता था-

(1) राजस्थान केसरी (2) नवीन राजस्थान

(3) प्रभात (4) राजस्थान पत्रिका (1)

56. हबीब तनवीर की फिल्म चरनदास चोर राजस्थान के किस लेखक द्वारा लिखी गई?

(1) मालचंद तिवारी (2) हरीश भादानी

(3) विजय दान देथा (4) अर्जुन देव चारण (3)

57. राजस्थान में निम्न में से किसे पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया?

(1) कोमल कोठारी (2) विजय शंकर व्यास

(3) नटवर सिंह (4) नरेश चन्द्र (4)

58. कमलेश नागर कोटि भारत अंडर 19 के विश्व कप में खेला है, निम्न वर्ष में-

(1) 2016 (2) 2015 (3) 2018 (4) 2014 (3)

59. राजस्थान के शुष्क रेगिस्तान में भारत अपनी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा साझा करता है, निम्न के साथ-

(1) नेपाल (2) चीन (3) पाकिस्तान (4) अफगानिस्तान (3)

60. उत्तरी अरावली क्षेत्र में राजस्थान का निम्न जिला सम्मिलित है-

(1) दौसा (2) सिरोही (3) अजमेर (4) टोंक (1)

61. पंचायती राजव्यवस्था का आरम्भ भारत में, राजस्थान के नागौर से किस वर्ष में हुआ?

(1) 1958 (2) 1959 (3) 1957 (4) 1956 (2)

62. मीना समुदाय का परम्परागत नेता इस नाम से जाना जाता है-

(1) पटेल (2) भगत (3) कर्मा (4) मुकद्दम (1)

63. राष्ट्रीय मार्ग संख्या 8 जो दिल्ली को मुम्बई से जोड़ता है राजस्थान से गुजरता है। यह राजस्थान में कितने किलोमीटर का है?

(1) 700 (2) 560 (3) 688 (4) 720 (1)

64. राजस्थान में केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना हुई वर्ष-

(1) 2007 (2) 2008 (3) 2009 (4) 2011 (3)

65. वर्ष 2017 का साहित्य अकादमी, दिल्ली का राजस्थानी का पुरस्कार किसे मिला?

(1) बी.एल. व्यास (2) अंबिका दत्त

(3) हेतु (4) नीरज डालिया (4)

66. वनस्थली विद्यापीठ की स्थापना निम्न वर्ष में हुई-

(1) 1934 (2) 1935

(3) 1936 (4) 1937 (2)

67. राजस्थान मानवाधिकार आयोग की पहली महिला अध्यक्ष कौन थी?

(1) कान्ता कुमारी भटनागर (2) प्रभा ठाकुर

(3) नरेन्द्र कुंवर (4) ऊषा मीणा (1)

68. राजस्थान की प्रथम महिला मुख्य सचिव थी-

(1) मीनाक्षी हूजा (2) कुशाल सिंह

(3) ओतिमा बोर्दिया (4) अमरजीत कौर (2)

Download More Pdf;- https://rajasthanclasses.in/

103. मान लीजिए आपकी कक्षा में एक प्रतिभाशाली छात्र बैठा है और आपके सभी प्रश्नों के त्वरित उत्तर देता है। आप अपने छात्र के संबंध में क्या करेंगे?
(1) आप तुलनात्मक रूप से कठिन प्रश्न पूछेंगे और उसे अधीर न होने के लिए समझाएंगे।
(2) आप समझते हैं कि उसे तुरन्त सभी उत्तर दे देने चाहिए ताकि आप अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त हो सके।
(3) आप उसे कहेंगे कि कक्षा में अधीर होना अनुपयुक्त व्यवहार है।
(4) आप विद्यार्थी से अत्यधिक जटिल प्रश्न पूछेंगे जिससे उसे यह एहसास हो कि आप सबसे अच्छे शिक्षकों में से एक है। (1)

104. यह माना जाता है कि महिला शिक्षक प्राथमिक स्तर की शिक्षा के लिए अधिक उपयुक्त है, क्योंकि-
(1) वे बच्चे के साथ धैर्यपूर्वक और प्यार से काम करती हैं।
(2) उनके पास अन्य व्यवसायों के लिए कम अवसर है।
(3) वे कम वेतन पर काम करने के लिए सहमत होती है।
(4) इस पेशे के लिए उच्च योग्यता की कोई आवश्यकता नहीं है। (1)

105. जब आप किसी व्यक्ति को दरवाजा बंद करने का निर्देश देते हैं और वह कड़ाई से निर्देश का पालन करता है तो यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि-
(1) आपने एक प्रभावी निर्देश दिया है।
(2) संदेश ग्राही द्वारा प्राप्त किया गया है।
(3) आपने संदेश भली भांति स्पष्ट किया है।
(4) ग्राही आपके आदेश को स्वीकार करने के लिए तैयार है। (1)

106. कक्षा कक्ष में संचार निर्भर करता है-
(1) शिक्षक की स्पष्ट करने की क्षमता पर
(2) विषय के कठिनाई स्तर पर
(3) विद्यार्थियों की योग्यता पर
(4) कक्षा अंत: क्रिया पर (4)

107. एक शिक्षक को करना चाहिए-
(1) अधिकाधिक मात्रा में धन कमाना।
(2) छात्रों के शैक्षिक उत्थान के लिए प्रयास।
(3) छात्रों के हित के कार्य।
(4) छात्रों की देखभाल। (2)

108. ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय छोड़ने वालों की सर्वाधिक दर का कारण है-
(1) अप्रासंगिक पाठ्यक्रम
(2) गरीबी
(3) त्वरित रोजगार के लिए उत्सुकता
(4) शिक्षकों के साथ अनुपयुक्त पारस्परिक संबंध (3)

109. एक शिक्षक अपने छात्रों से मधुर संबंध किस प्रकार स्थापित कर सकता है?
(1) उनसे सदैव हंसी मजाक करके।
(2) उनसे उचित दूरी बनाकर।
(3) उनकी समस्याओं को सुनने के बाद उनका निदान करके।
(4) छात्रों को अपना मित्र बनाकर। (3)

110. यदि कुछ निर्धन छात्र आपसे अतिरिक्त समय में पढ़ना चाहते हैं, तो आप-
(1) उनको ट्यूशन लेने के लिए कहेंगे।
(2) उन्हें टालते रहेंगे।
(3) आवश्यकतानुसार समय-समय पर उनकी कठिनाईयों को पूरा करेंगे।
(4) उन्हें किसी अन्य शिक्षक के पास भेजेंगे। (3)

111. शैक्षिक यात्रा के दौरान बैठने की जगह को लेकर एक छात्र किसी वृद्ध से झगड़ बैठता है, तो मैं-
(1) छात्र का पक्ष लूँगा। (2) उसे समझाऊँगा कि बड़ों का आदर करे।
(3) उसे अनदेखा करूँगा। (4) निपटाने के लिए दखल दूँगा। (2)

112. छात्रों की प्रगति का ब्यौरा अभिभावकों को देना आवश्यक है-
(1) इससे अभिभावक अपने बच्चों की प्रगति जान सकते हैं।
(2) इससे अभिभावक को ट्यूशन लगाने की उचित सलाह मिलती है।
(3) इससे बच्चों में डर बना रहता है।
(4) बच्चें अभिभावकों को गलत जानकारी नहीं दे सकते। (1)

113. यदि आप मूल्यांकन कर रहे हैं, तो आप-
(1) कार्य के अनुसार ही अंक प्रदान करेंगे।
(2) उन्हें अधिक अंक देंगे जो आपसे ट्यूशन पढ़ते हैं।
(3) अमीर छात्रों को अधिक अंक देंगे।
(4) पिछड़े छात्रों को अधिक अंक देंगे। (1)

114. एक अध्यापक को दृश्य-श्रव्य सामग्री का प्रयोग करना चाहिए, क्योंकि-
(1) छात्रों की पाठ में रुचि रहती है।
(2) छात्रों का ध्यान पढ़ाई में केन्द्रित रखती है।
(3) ज्ञान को वास्तविक रूप प्रदान करने व पाठ में विविधता लाने में सहायक होती है।
(4) उपरोक्त सभी (4)

115. कक्षा-कक्ष सम्प्रेषण होना चाहिए-
(1) शिक्षक केन्द्रित (2) सामान्य केन्द्रित
(3) छात्र केन्द्रित (4) पाठ्यपुस्तक केन्द्रित (3)

116. कक्षा शिक्षण में ICT प्रयुक्त करते समय-
(1) अध्यापक की आवश्यकता नहीं रहेगी।
(2) अध्यापक के लिए कार्यभार अधिक हो जाएगा।
(3) अध्यापक की भूमिका समन्वयक के रूप में रहेगी।
(4) अध्यापक की भूमिका केन्द्रीय हो जाएगी। (3)

117. समाज में शिक्षकों का स्तर ऊँचा होना चाहिए, क्योंकि वे-
(1) अत्यधिक मानसिक कार्य करते हैं।
(2) समाज के लोगों से मिलते हैं।
(3) भावी नागरिकों को तैयार करते हैं।
(4) अधिक श्रम करते हैं। (3)

118. शिक्षक को समाज में स्थान बनाने के लिये-
(1) किसी राजनैतिक पार्टी में रहना चाहिये।
(2) अपने दायित्व को निभाना चाहिये।
(3) समाज की गतिविधियों में अपने को सक्रिय रखना चाहिये।
(4) अधिक से अधिक धन संचय करके अपने प्रभाव को बढ़ाना चाहिये। (2)

119. एक अध्यापक के रूप में आप अपना शाम का समय किन कार्यों में लगाना पसंद करेंगे?
(1) राजनीति की चर्चा करने में (2) मनोरंजन कार्यों में
(3) धन प्राप्ति के अन्य कार्यों में (4) सामाजिक कार्यों में (4)

120. सफल शिक्षक वही है, जो-
(1) अच्छे अंक देता है।
(2) नियमित गृहकार्य देखता है।
(3) कठोर अनुशासन रखता है।
(4) छात्रों की प्रगति के प्रति सजग रहता है। (4)

Download More Pdf;- https://rajasthanclasses.in/

GK/GS टॉप 1000 प्रश्न – Download Now

राजस्थान GK हस्तलिखित नोट्स DOWNLOAD NOW

भारत सामान्य ज्ञान टेस्ट-शुरू करे

RAJASTHAN GK E-BOOK - DOWNLOAD

RAJASTHAN GK TEST–START NOW

PDF BY- AADARSH KUMAWAT

121. आप छात्रों को दण्ड देते समय निम्न में से किस मापदण्ड का पालन करेंगे?
(1) अपराध की आवृति एवं गभीरता
(2) बिना किसी भेदभाव के सभी को समान दण्ड
(3) केवल अपराधी की गंभीरता
(4) केवल अपराध की आवृति (1)

122. यदि एक छात्र लगातार विद्यालय में विलंब से आता है, तो-
(1) उसके अभिभावकों से शिकायत करेंगे।
(2) इसके कारणों का पता लगायेंगे।
(3) छात्र को विद्यालय से निकाल देंगे।
(4) सभी छात्रों के सामने उसे दण्डित करेंगे। (2)

123. शिक्षक के रूप में कब अतिरिक्त उत्तरदायित्व लेना चाहेंगे?
(1) नये ज्ञान के लिये (2) प्रशंसा के लिये
(3) पदोन्नति के लिये (4) सहयोग के लिये (1)

124. सजगता पैदा करने के लिये सर्वोत्तम साधन है-
(1) परिवार (2) समाज (3) पुस्तक (4) संगी साथी (3)

125. अध्यापक का सामान्य-ज्ञान बढ़ाने में सहायक है-
(1) छात्र (2) साथी अध्यापक
(3) पत्र-पत्रिकाएँ (4) परिवार जन (3)

126. शिक्षा का एक प्रमुख उद्देश्य है-
(1) भाषा कौशल का विकास (2) सामाजिक नागरिकता का विकास
(3) दण्ड देना (4) व्यक्तित्व विकास (4)

127. सफल नेतृत्व होता है-
(1) प्रजातांत्रिक (2) राजतांत्रिक
(3) समूह आधारित (4) तानाशाही (1)

128. अध्यापन व्यवसाय में शिक्षक ट्यूशन करते हैं, क्योंकि-
(1) छात्र उन्हें ऐसा करने के लिये बाध्य करते हैं।
(2) उनकी धन-लोलुपता बढ़ गई है।
(3) उनका वेतन कम है।
(4) स्वयं के ज्ञान में अभिवृद्धि होने से वे अपने ज्ञान का प्रसार करना चाहते हैं। (3)

129. शिक्षक द्वारा छात्रों को दी जाने वाली शिक्षा निम्न से सम्बन्धित होनी चाहिये-
(1) शिक्षा व्यावसायिक हो। (2) वैज्ञानिक हो।
(3) संस्कृति एवं आध्यात्म से संबंधित हो। (4) उपर्युक्त सभी (4)

130. अध्यापक की जागरूकता पर निर्भर करता है-
(1) अध्यापक का ज्ञान (2) अध्यापक की आर्थिक स्थिति
(3) अध्यापक की ख्याति (4) अध्यापक की स्रोतपूर्णता (1)

131. यदि कहीं राजनीतिक बहस हो रही है, तो आप-
(1) सक्रिय भाग लेंगे। (2) आनंद लेंगे।
(3) किसी एक पक्ष की ओर होंगे। (4) ध्यान नहीं देंगे। (1)

132. छात्रों का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है-
(1) अच्छी शिक्षण सुविधा देकर
(2) सामाजिक दायित्व का बोध कराके
(3) छात्रों में स्वयं के हित का ज्ञान देकर
(4) उनको धन देकर (1)

133. समूह का नेता तभी सफल नेतृत्व दे सकता है, जब वह-
(1) सहनशील हो (2) अनुशासनीय हो
(3) गंभीर हो (4) धनी हो (3)

134. जटिल तथा कठिन विषयवस्तु का शिक्षण कराना चाहिये-
(1) छात्रों के अनुसार (2) खण्डों में
(3) बाद में (4) बीच-बीच में (2)

135. निकट समाज में व्याप्त बुराइयों का अध्ययन करने का सर्वोत्तम साधन है-
(1) छात्रों से सम्पर्क (2) अभिभावकों से सम्पर्क
(3) सामाजिक सर्वेक्षण (4) पुस्तक अध्ययन (3)

136. प्रभावी निर्णय-निर्माण निर्भर करता है-
(1) नेता पर (2) सदस्यों पर
(3) नेता एवं सदस्य, दोनों पर (4) दोनों के मध्य अन्त: क्रिया पर(4)

137. मुझे अक्सर क्रोध आता है, जब लोग-
(1) मेरी बात नहीं मानते हैं। (2) अपने स्वार्थ की बात करते हैं।
(3) किसी निर्दोष को दोष देते हैं।(4) आपस में झगड़ा करते हैं।(3)

138. शिक्षा में सुधार किस प्रकार संभव है?
(1) प्रशासनिक सुधार द्वारा
(2) परीक्षा पद्धति में परिवर्तन करके
(3) शिक्षा पर अधिक धन व्यय करके
(4) श्रेष्ठ शिक्षकों की नियुक्ति करके (4)

139. छात्रों को पाठ समझ में नहीं आने पर अध्यापक को चाहिये कि-
(1) दुबारा समझायेंगे। (2) अगला पाठ शुरू कर देंगे।
(3) प्राचार्य से बात करेंगे। (4) प्रश्न पूछेंगे। (1)

140. छात्रों में चोरी की आदत छुड़ाने के लिये अध्यापक को क्या करना चाहिये?
(1) दुष्परिणाम बताने चाहिये।
(2) उदाहरण देकर समझाना चाहिये।
(3) सजा देनी चाहिये।
(4) ताड़ना देकर (1)

141. विषयों के चयन के लिये आवश्यक है-
(1) विद्वता की (2) शैक्षिक निर्देशन की
(3) व्यवसायिक निर्देशन की (4) छात्रों की इच्छा की (2)

142. अध्यापक को देश-विदेश की घटनाओं की अच्छी जानकारी प्राप्त होती है-
(1) इतिहास की पुस्तकों से (2) समाचार-पत्रों से
(3) रेडियो समाचार से (4) विश्व भ्रमण से (2)

143. कक्षा में पढ़ाते समय, शिक्षकों को चाहिए-
(1) छात्रों के सक्रिय सहयोग का प्रयास करें।
(2) छात्रों को निष्क्रिय श्रोताओं के रूप में रखें।
(3) छात्रों पर कोई ध्यान न दें।
(4) छात्रों की कठिनाइयों को दूर करें। (1)

144. कक्षा में छात्रों को प्रेरित करने के लिए, शिक्षकों को चाहिए-
(1) हमेशा अपने छात्रों की सराहना करें।
(2) हमेशा अपने छात्रों की आलोचना करें।
(3) विवेक से प्रशंसा और आलोचना का उपयोग करें।
(4) ऐसी टिप्पणियाँ दें जो न ही सराहना और न ही आलोचनाएँ इंगित करें। (3)

145. कक्षा में पढ़ाने के दौरान एक छात्र प्रश्न पूछता है, शिक्षक को चाहिए-
(1) उसे तत्काल सही जवाब दे।
(2) छात्र को उत्तर के लिए कालांश के बाद आने के लिए कहे।
(3) कोई ध्यान न दें और अपने शिक्षण को जारी रखे।
(4) उसे डांटे और उसे कहे शिक्षण में बाधा उत्पन्न न करे। (1)



Download More Pdf;- https://rajasthanclasses.in/

146. कक्षा में शिक्षक की मूल जिम्मेदारी है-
(1) कक्षा में अधिगम को बढ़ाना।
(2) छात्रों से विद्यालय शुल्क वसूलना।
(3) कक्षा के छात्रों के रिकार्ड को व्यवस्थित करना।
(4) ट्यूशन वाले छात्रों को अधिक महत्त्व देना। (1)

147. एक कक्षा शिक्षक को अपने छात्रों के साथ व्यवहार करने की उम्मीद है-
(1) बुद्धिमान छात्रों के साथ अधिक प्यार।
(2) गरीब छात्रों के प्रति अलगाव।
(3) सभी छात्रों के साथ समान व्यवहार।
(4) छात्रों की उम्मीदों के अनुसार व्यवहार। (3)

148. शिक्षक को मार्ग दर्शक माना जाता है, क्योंकि-
(1) उसमें भविष्य के समाज के निर्माण की अथाह क्षमता है।
(2) वह सामाजिक विश्वास का प्रतीक है।
(3) वह समाज के लिए एक रखवाला है।
(4) वह कुंठाओं को आकार देने में लिप्त है। (1)

149. शिक्षण मुख्य रूप से----- द्वारा किया जाना चाहिए-
(1) कुशल और प्रशिक्षित शिक्षकों
(2) अप्रशिक्षित व्यक्तियों
(3) अनुभवी शिक्षकों
(4) युवा प्रतिभाशाली व्यक्तियों (1)

150. एक शिक्षक के रूप में छात्रों में मानव-गुणों को विकसित करने के लिए-
(1) आप कुछ भी गलत नहीं करेंगे ताकि बच्चे को गलत संदेश ना जाये।
(2) आप उन सभी गुणों को प्रतिबिंबित करेंगे, जिन्हें आप आत्मसात करवाना चाहते हैं।
(3) आप उन्हें लगातार बताएंगे और उन्हें समझाएंगे।
(4) आप वर्तमान संदर्भ के अनुरूप बच्चों में बदलाव लाएंगे। (1)

## Part-D (Language Proficiency- English)

151. She said to me, "What are you doing?"
(1) She asked me what was I doing
(2) She asked me what am I doing
(3) She asked me what I was doing
(4) She asked me what were you doing (3)

**Directions: (Q. 152) Choose the correctly spelt word-**

152. (1) Dicease (2) Disease (3) Desease (4) Disecse (2)

153. A person with long experience of any oocupation.
(1) Veteran (2) Wizard (3) Genius (4) Expert (1)

**Directions: Choose the correct Synonyms of 'Eradiate'**

154. (1) Emerge (2) Uplift (3) Remove (4) Increase (3)

**Directions: Give the correct Antonym of 'Compassion'-**

155. (1) Anxiety (2) Hatred
(3) Connection (4) Conducive (2)

**Direction: (Q. 156) Choose the option that is correct-**

156. The teacher was too angry that she left the classroom-
(1) The teacher was very angry that she leave the classroom.
(2) The teacher was so angry that she left the classroom.
(3) The teacher was too angry and she had left the classroom.
(4) The teacher was too angry but she leave the classroom. (2)

**Direction: (Q. 157) Choose the option with the word that is closest in meaning.**

157. Abandon-
(1) Try (2) Join (3) Forsake (4) Adopt (3)

**Direction: (Q. 158) Choose the option with word opposite in meaning-**

158. Entangle-
(1) Twist (2) Untwist (3) Hook (4) Impede (2)

**Direction: (Q. 159) Choose the correctly spelt word-**

159. (1) Abbreviate (2) Abreviate
(3) Abrreviate (4) Abriviat (1)

160. Person who loves books and reading-
(1) Philologist (2) Bibliophile
(3) Misogynist (4) Misologist (2)

**Directions: (Q. 161-164) Read the given passage and answer the questions that follow-**

At this stage of civilisation, when many nations are brought in to close and vital contact for good and evil, it is essential, as never before, that their gross ignorance of one another should be diminished, that they should begin to understand a little of one another's historical experience and resulting mentality. It is the fault of the English to expect the people of other countries to react as they do, to political and international situations. Our genuine goodwill and good intentions are often brought to nothing, because we expect other people to like us. This would be corrected if we know history, not necessarily in detail but in broad outlines, of the social and political conditions which have given to each nation its present character.

161. Mentality of a nation, according to the author, is a product of ..........
(1) Present character (2) Politics
(3) History (4) Geography (3)

162. The character of a nation is the result of its-
(1) Ignorance (2) Cultural heritage
(3) Socio political conditions (4) Metality (3)

163. The need for a greater understanding between nations-
(1) is more today than ever before
(2) was more there in the past
(3) is no longer there
(4) has never been there (1)

164. 'Genuine' in the passage means-
(1) Historical (2) Political (3) Real (4) Fake (3)

**Directions: (Q. 165-167) Choose the correct alternative-**

165. ............ car must be insured.
(1) A (2) An (3) The (4) All (1)

Download More Pdf;- https://rajasthanclasses.in/

# इन्हें भी अवश्य पढ़ें ?

- राजस्थान के प्रमुख नृत्य [नोट्स]
- राजस्थान के प्रमुख बांध [नोट्स]
- राजस्थान की प्रमुख छतरियाँ [नोट्स]
- राजस्थान के प्रमुख दुर्ग [नोट्स]
- राजस्थान की प्रमुख झीलें [नोट्स]
- राजस्थान के प्रमुख वन्यजीव अभयारण्य
- राजस्थान के प्रमुख इतिहासकार [नोट्स]
- राजस्थान के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी [नोट्स]
- राजस्थान के प्रमुख लोकदेवता [नोट्स]
- राजस्थान के प्रमुख मेलें [नोट्स]

PDF BY- AADARSH KUMAWAT

Download More Pdf;- https://rajasthanclasses.in/

PDF BY- AADARSH KUMAWAT

166. Everyone expected the same team..........
(1) to win (2) was winning (3) won (4) will win (1)

167. It took longer .......... I expected.
(1) though (2) but (3) than (4) then (3)

**Directions: (Q. 168-169) Change the following sentences as directed in the brackets-**

168. Only a coward would say so.
(Transform into Negative)-
(1) Not even a coward would say so
(2) None but a coward would say so
(3) A coward would only not say so
(4) No coward would say so (2)

169. Mohini is more beautiful than Mitali.
(Use positive degree)-
(1) Mohini is not so beautiful as Mitali.
(2) Mohini is rather beautiful than Mitali.
(3) Mitali is not as beautiful as Mohini.
(4) Mitali is as beautiful as Mohini. (3)

**Directions: (Q. 170) Choose the correct Tense-**

170. I .......... the stadium long before the match.
(1) reach (2) was reaching
(3) had reached (4) had been reaching (3)

## भाग-द (हिन्दी)

171. निम्न में से अशुद्ध विपरीतार्थ समूह है-
(1) पक्ष-प्रतिपक्ष (2) आस्तिक-नास्तिक
(3) स्वर्ग-नरक (4) सामिष-शाकाहारी (4)

172. पर्वत, रत्न विशेष, सूर्य, सर्प, वृक्ष किस अनेकार्थी के अर्थ हैं-
(1) गिरि (2) नग (3) भास्कर (4) सारंग (2)

173. शुद्ध वाक्यांश बोधक शब्द नहीं है-
(1) जो जीता न जा सके : अजय (2) आकाश में उड़ने वाला : खग
(3) गोद लिया हुआ : दत्तक (4) जो गिरा हुआ हो : पतित (1)

174. 'बुद्धिमान होने का गर्व' अर्थबोधक मुहावरा है-
(1) अक्ल का दुश्मन (2) अक्ल पर पत्थर पड़ना
(3) अक्ल के घोड़े दौड़ाना (4) अक्ल का पुतला (4)

175. "कबहुँ निरामिष होय न कागा"। लोकोक्ति का अर्थ है-
(1) दुष्टों की मित्रता शीघ्र समाप्त हो जाती है।
(2) दुष्ट अपनी दुष्टता नहीं छोड़ता।
(3) दुष्ट के साथ बुरा व्यवहार करना।
(4) कौए और दुष्ट सब जगह पाए जाते हैं। (2)

176. यण संधि को दर्शाने वाला विकल्प है-
(1) शीतर्तु (2) षडानन (3) गुर्वाज्ञा (4) महौदाय (3)

177. निम्नलिखित में से कौनसा संधि विच्छेद सही नहीं है-
(1) अभि + सेक (2) राम + अयन
(3) वि + सम (4) नि + चय (4)

178. 'क्रीड़ाक्षेत्र' शब्द का सही समास विग्रह है-
(1) क्रीड़ा के लिए क्षेत्र (2) क्रीड़ा और क्षेत्र का समूह
(3) क्रीड़ा और क्षेत्र (4) क्रीड़ा का क्षेत्र (1)

179. कर्मधारय समास को दर्शाने वाला विकल्प है-
(1) नीलकमल (2) त्रिभुवन
(3) आमरण (4) समाजद्रोही (1)

180. 'नीचे, हीन और अभाव' को दर्शाने वाला उपसर्ग है-
(1) उप (2) अव (3) प्रति (4) अभि (2)

181. विदेशी भाषा के उपसर्ग से बना शब्द है-
(1) पुरस्कार (2) भरपेट (3) अधकच्चा (4) हररोज (4)

182. भाववाचक तद्धित प्रत्यय से बने शब्द को दर्शाने वाला विकल्प है-
(1) पनिहार (2) धनवान (3) लालिमा (4) लकड़हारा (3)

183. 'अग्नि' को दर्शाने वाला शब्द नहीं है-
(1) पावक (2) चमू (3) कृशानु (4) जातवेद (2)

184. कौनसा शब्द समूह 'कमल' का पर्यायवाची है-
(1) अम्भ, उदक, सलिल (2) विशिख, इषु, आशुग
(3) अवनि, क्षौणी, मेदिनी (4) नलिन, तामरस, शतदल (4)

185. विषाद शब्द का विपरीतार्थक शब्द है-
(1) मृदु (2) वरदान (3) आह्लाद (4) स्तुति (3)

186. कौनसा विकल्प विलोम शब्दों को नहीं दर्शाता है-
(1) सम्मुख-विमुख (2) गरिमा-लघिमा
(3) संयोग-सुयोग (4) राग-विराग (3)

187. 'चिर-चीर' शब्द युग्मों का अर्थ होता है-
(1) पराकाष्ठा-चमड़ा (2) बहुत समय तक-वस्त्र
(3) सफेद-मुस्कान (4) युद्ध-काल (2)

188. जहाँ गंगा, यमुना बहती है, वह देश उपजाऊ है। वाक्य है
(1) साधारण वाक्य (2) संयुक्त वाक्य
(3) मिश्र वाक्य (4) निषेधवाचक वाक्य (3)

189. निम्न में से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं-
(1) प्रात: काल, अधोपतन (2) मृती, रात्रि
(3) विदुषी, श्रीमती (4) वालमीकि, इकाई (3)

190. अशुद्ध वाक्य है-
(1) वृक्ष पर कौवा बोल रहा है।(2)जया एक बुद्धिमान बालिका है।
(3) हाथी पर हौदा रख दो।
(4) कुख्यात आतंकवादी मारा गया। (2)

191. किसी वस्तु को पाने की उत्कट लालसा को दर्शाने वाला मुहावरा है-
(1) आँखों में गड़ना (2) आँखें चार होना
(3) आँखों में खून उतरना (4) आँखें खुलना (1)

192. "कोस-कोस पर बदले पानी, चार कोस पर -------।" किस भाषिक इकाई को स्पष्ट करता है?
(1) ध्वनि (2) भाषा (3) बोली (4) लिपि (3)

193. निम्न में अशुद्ध आक्षरिक खण्ड है-
(1) क् + ष = क्ष (2) त् + र = त्र
(3) ग् + य = ज्ञ (4) श् + र = श्र (3)

194. तत्सम-तद्भव का अशुद्ध युग्म है-
(1) इक्षु-ईख (2) अज्ञानी-अनजाना
(3) एला-इलायची (4) दधि-दूध (4)

195. "उसने लड़ाई की है।" वाक्य में काल भेद है-
(1) सामान्य भूतकाल (2) आसन्न भूतकाल
(3) अपूर्ण भूतकाल (4) सामान्य वर्तमान काल (2)





Download More Pdf;- https://rajasthanclasses.in/

196. निम्न में भाववाचक संज्ञा नहीं है-

(1) बचपन (2) बनारसी (3) बैठक (4) एकता (2)

197. ''सुधा दिन-रात पढ़ती है ताकि उसका प्रतियोगी परीक्षा में चयन हो जाए।'' रेखांकित पद है-

(1) संबंध बोधक अव्यय

(2) उद्देश्य बोधक व्याधिकरण समुच्चय बोधक

(3) समानाधिकरण समुच्चय बोधक

(4) निपात (2)

198. 'गुरू जी आ रहे हैं।' वाक्य में 'वचन' प्रयोग है-

(1) एकवचन (2) बहुवचन

(3) एकवचन के स्थान पर बहुवचन

(4) बहुवचन के स्थान पर एकवचन (3)

199. स्त्रीबोधक प्रत्यय से निर्मित शब्द नहीं है-

(1) लेखिका (2) पड़ोसिन (3) बहनोई (4) भवदीय (4)

200. निम्न में अशुद्ध पर्यायवाची समूह है-

(1) निशि, रजनी, यामिनी (2) अमी, पीयूष, सुधा

(3) सुधांशु, हिमांशु, शशांक (4) नीरज, वारिज, जलद (4)

## भाग-द ( भाषा योग्यता : संस्कृत )

171. 'दर्शक:' इत्यस्मिन् पदे प्रकृतिप्रत्ययो: योग: -

(1) दृश् + अक् (2) दृश् + अण्

(3) दृश् + ण्वुल् (4) दृश् + घञ् (3)

172. निम्नेषु वाक्येषु शुद्ध-वाक्यम् अस्ति-

(1) कामात् क्रोधोऽभिजायते (2) कामेन क्रोधोऽभिजायते

(3) कामस्य क्रोधोऽभिजायते (4) कामाय क्रोधोऽभिजायते (1)

173. 'पावक:' इति पदस्य सन्धिविच्छेद: अस्ति-

(1) पो + अक: (2) पौ + अक:

(3) पो + आक: (4) पौ + आक: (2)

174. वार्तिककार: क:?

(1) पाणिनि (2) पतंजलि (3) कात्यायन (4) वरदराज (3)

175. आभ्यन्तर प्रयत्ना: कतिविध: सन्ति?

(1) त्रिविध: (2) चतुर्विध: (3) पंचविध: (4) षड्विध: (3)

176. फलशब्दस्य चतुर्थी-बहुवचने रूपं भविष्यति?

(1) फलाभ्याम् (2) फलेभ्य: (3) फलाय (4) फलेन (2)

177. षकारस्य उच्चारणं स्थानमस्ति-

(1) मूर्धा (2) तालू (3) दन्ता: (4) कण्ठ: (1)

178. दन्तोष्ठं वर्ण: अस्ति-

(1) तकार: (2) वकार: (3) उकार: (4) सकार:(2)

179. ''प्रादय: क्रियायोगे..........संज्ञा: स्यु:'' रिक्त: स्थानं भवति-

(1) धातु: (2) उपसर्ग (3) क्रिया (4) शब्द: (2)

180. संस्कृते उपसर्गा: कति?

(1) अष्टादश: (2) द्वाविंशति:

(3) एकोनविंशति: (4) विंशति: (2)

181. 'देयम्' इत्यस्मिन् पदे प्रकृतिप्रत्ययो: योग: -

(1) दा + यत् (2) दे + यत् (3) दी + यत् (4) देय + यत्(1)

182. 'प्रतीयते विधीयते इति.........' रिक्त: स्थानं अस्ति-

(1) धातु: (2) शब्द: (3) अव्यय (4) प्रत्यय (4)

183. 'धार्यम्' इत्यस्मिन् पदे प्रकृतिप्रत्ययो: योग: -

(1) धृ + ण्यत् (2) धा + ण्यत्

(3) धार्य + ण्यत् (4) धी + ण्यत् (1)

184. कर्तृकर्मद्वारा तन्निष्ठक्रियाया आधार: कारकम् ........ स्यात्-

(1) कर्म: (2) सम्प्रदानम्

(3) अपादानम् (4) अधिकरणम् (4)

185. अपादानादिविशेषैरविवक्षिततं कारकं का संज्ञं स्यात्?

(1) अपादानम् (2) सम्प्रदानम्

(3) कर्म (4) अधिकरणम् (3)

186. संख्यापूर्वो क: समास:?

(1) कर्मधारय: (2) अव्ययीभाव: (3) तत्पुरुष: (4) द्विगु: (4)

187. 'दवियमुनम्' इत्यत्र समासविधायकं सूत्रं किम्?

(1) दवन्दवे धि(2) निष्ठा (3) नदीभिश्च (4) षष्ठी (3)

188. 'विशेषणं विशेष्येण बहुलम्' सूत्रस्य उदाहरणमस्ति-

(1) घनश्याम: (2) कुपुरुष: (3) नीलोत्पलम्(4) युक्तयोग: (3)

189. 'विष्णू इमौ' अत्र का संज्ञा प्रवर्तते?

(1) घि (2) संयोग: (3) प्रगृह्यम् (4) नदी (3)

190. खरि अवसाने च पदान्तस्य रेफस्य ........ का सन्धि:?

(1) हलम् (2) व्यंजनम् (3) विसर्ग: (4) स्वर: (3)

191. अवर्णादचि परे पूर्वपरयोरेको का आदेश: स्यात्-

(1) वृदधि: (2) प्रगृह्यम् (3) गुण: (4) दीर्घ: (3)

192. 'शिवोऽर्च्य:' इत्यस्मिन् उदाहरणे संधि-विच्छेद: क:?

(1) शिवो + अर्च्य: (2) शिवम् + अर्च्य:

(3) शिव: + आर्च्य: (4) शिवस् + अर्च्य: (4)

193. 'कृ' धातो: विधिलिङ्लकारस्य उत्तमपुरुषस्य द्विवचने रूपं भविष्यति-

(1) कुर्व: (2) कुर्याम (3) कुर्याम् (4) कुर्याव (4)

194. 'बिभेतु' इति पदे धातुलकारश्च अस्ति-

(1) भी + लोट्लकार (2) भी + लृटलकार

(3) भी + लङ्लकार (4) भी + विधिलिङ्लकार (1)

195. 'राम' शब्दस्य सप्तमी विभक्ते: रूपमस्ति-

(1) रामात् (2) रामेषु (3) रामेण (4) रामाणाम् (2)

196. निम्नेषु अशुद्ध वाक्यमस्ति-

(1) जटाभिस्तापस: (2) पितृभ्य: स्वधा

(3) उपाध्यायात् अधीते (4) छात्रेण गोपाल: पटुतम: (4)

197. 'कारकाणि' भवन्ति-

(1) पंच (2) षट् (3) सप्त (4) अष्ट (2)

198. पदसंज्ञाया: विधायक सूत्रम् अस्ति-

(1) आदिरन्त्येन सहेता (2) हलोऽनन्तरा संयोग:

(3) सुप्तिङन्तं पदम् (4) पर: सन्निकर्ष: संहिता: (3)

199. बहुव्रीहि समासस्य प्रधान लक्षणम् अस्ति-

(1) उत्तरपदार्थप्रधान: (2) पूर्वपदार्थप्रधान:

(3) अन्यपदार्थप्रधान: (4) उभयपदार्थप्रधान: (3)

200. 'निष्ठा' प्रत्यय: भवित-

(1) शतृ-शानच् (2) क्त-क्तवतु

(3) क्त्वा-ल्यप् (4) तुमुन् (2)

**Download More Pdf;- https://rajasthanclasses.in/**

# इन्हें भी अवश्य पढ़ें ?

- 250+ राजस्थान सामान्य ज्ञान
- राजस्थान सामान्य ज्ञान पार्ट- 1
- राजस्थान सामान्य ज्ञान पार्ट- 2
- राजस्थान सामान्य ज्ञान पार्ट- 3
- राजस्थान सामान्य ज्ञान पार्ट- 4
- राजस्थान के शिलालेख/अभिलेख [नोट्स]

Join us on Telegram

YouTube

Websites

PDF BY- AADARSH KUMAWAT

Download More Pdf;- https://rajasthanclasses.in/

# इन्हें भी अवश्य पढ़ें ?

- SSC एग्जाम Syllabus यहाँ से देखे
- PTET एग्जाम Syllabus यहाँ से देखे
- राज. पुलिस एग्जाम Syllabus यहाँ से देखे
- वनपाल & वनरक्षक Syllabus यहाँ से देखे
- BSTC 2022 Complete कोर्स यहाँ से देखे

Join us on Telegram

YouTube

Websites

PDF BY- AADARSH KUMAWAT

Download More Pdf;- https://rajasthanclasses.in/